an>

Title: Need to construct under-passes and over-bridges at level crossings in Ambala Parliamentary Constituency, Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : मेरे लोक सभा क्षेत्र में अम्बाला, पंचकुला व यमुनानगर (हरियाणा) के लगभग पूर्णतया तीन जिले पड़ेते हैं। अंबाला में डी.आर.एम. स्तर का कार्यालय है। इसके बावजूद भी क्षेत्र "रेलवे ओवर ब्रिज"व "अंण्डर पास" की कमियों से जुझ रहा है। जनता की सुविधाओं हेतु यमुनानगर में रादौर मोड़ पर अण्डर पास, मुस्तफाबाद में रेलवे ओवर ब्रिज, अम्बाला रेलवे मोड़ एवं अंबाला मॉडल टाउन से जंडली कौला जाने के लिए अण्डर पास तथा पंचकुला जिला के सेक्टर 19बी रेलवे फाटक पर अण्डर पास बनाये जाने की नितान्त आवश्यकता है।

उपरोक्त सुविधाओं के अभाव में क्षेत्र में हर रोज इन क्रॉसिंगों पर दुर्घटनाएं घट रही हैं। लम्बी-लम्बी लाइनें लगने की वजह जाम में फॅसने से समय एवं डीजल-पेट्रोल की बर्बादी भी हो रही है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जनता की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए अंबाला लोक सभा क्षेत्र में उपरोक्त सभी निर्माण कार्य यथा शीघ्र पूरे कराए जाएं।